प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ तेजी से ला रही है आधारभूत बदलाव।
2. सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई : कहा– देश, आर्थिक क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर।
3. भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन लखनऊ के शुभांशु शुक्ला कल शाम स्पेसएक्स के एक्सिओम फोर से अपनी अंतरिक्ष यात्रा की करेंगे शुरूआत : परिवार वालों ने उपलब्धि को बताया खास।

और

4. केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी ने आज लखनऊ में नक्शा कार्यक्रम की समीक्षा की : कहा– प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में भूमि प्रबंधन निभायेगा महत्वपूर्ण भूमिका।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका

साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने तेजी से बडे पैमाने पर और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को भारत की विकास यात्रा को जानने क लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है।

——————————

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज हम पूर्वोत्तर भारत की विकास यात्रा के बारे में बता रहे हैं। एक रिपोर्ट....

*पिछले दशक में उत्तर पूर्वी भारत में एक आद्वितीय बदलाव देखा गया है। इस दौरान यह क्षेत्र अलगाव से एकजुटता की ओर बढ़ा है। इन प्रयासों ने क्षेत्र में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम कवरेज को कम करने का मार्ग भी प्रशस्त किया है, हाल ही में असम और अरुणाचल प्रदेश ने दशकों पुरानी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए हैं। इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी पहले से कहीं अधिक बेहतर हुई है। 10 नए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे, मिजोरम जैसे राज्य में नई रेलवे लिंक और ब्रह्मपुत्र पर रो–रो फैरी सेवाओं ने यात्रा को पहले से कहीं ज्यादा सुलभ बना दिया है। भोगीबील ब्रिज जैसे प्रमुख परियोजनाओं ने दूर दराज के इलाकों को भी आपस में जोड़ा है। पीएम डिवाइन और उन्नति 2024 जैसी योजनाएं नये आर्थिक अवसर खोल रही हैं। क्षेत्र को 135000 करोड रुपए से अधिक के बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं का समर्थन मिला है। जो बुनियादी ढांचे और आजीविका हो बढ़ावा देने के लिए है। यह क्षेत्र*

*अब 15000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए जल विद्युत परियोजनाओं के क्षेत्र में एक प्रमुख कदम उठा रहा है। आज उत्तर पूर्वी भारत सिर्फ एक सीमा नहीं है बल्कि भारत के विकास यात्रा का एक उभरता हुआ इंजन बन चुका है। अक्षत वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित एनडीए सरकार के सफलतम ग्यारह वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत ने नारी सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, कृषि उत्थान, नवोन्मेष, विरासत का संरक्षण, विकास की गति, सांस्कृतिक पुनरूत्थान, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के निरंतर नए आयाम स्पर्श किये हैं। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

———————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 सृजनशील वर्षों की पूर्णता पर कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का यह सशक्त नेतृत्व संकल्प से सिद्धि की एक जीवंत मिसाल है। बाइट....

*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ग्यारह वर्षों में देश का विकास, गरीब का विकास, किसान का विकास हुआ, महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ। देश सामरिक दृष्टि से शक्तिशाली हुआ और सत्ताईस करोड़ लोग गरीबी के दलदल में फंसे थे। वो बाहर निकले। आत्मनिर्भर*

*भारत बन रहा है। हम विदेशों पर ही पूरी तरह से निर्भर रहते थे। पहले लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। ये नया भारत है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाला भारत है और प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व का भारत ही है जिसने सर्जिकल स्ट्राइक किया, जिसने एयर स्ट्राइक किया, जिसने ऑपरेशन सिंदूर किया और पूरी दुनिया में डंका भारत का बज रहा है।*

———————

प्रदेश के सिंचाई और जल शक्तिमंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज श्रावस्ती में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राप्ती नदी पर पहुंचकर बाढ़ क्षेत्र का दौरा किया और बाढ़ से बचाव के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिले में चल रही सिंचाई परियोजनाओं को 15 जून से पहले पूरा करने के भी निदंश दिये। बाइट....

*राप्ती में और बाकी नदियों में भी यहां भयंकर पानी आने के कारण कठिनाई रहती है। लेकिन विभिन्न सिंचाई विभाग के द्वारा राज्य के अंदर हमारी लगभग चार सौ तैंतीस के आसपास रियोजना चल रही है। लगभग एक हज़ार छह सौ परियोजना पूर्ण की है और ये भी सभी हमारी परियोजना बाढ़ के पहले पूर्ण हो जाए। यानी पंद्रह जून तक हम लक्ष्य रखे हैं।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भारतीय अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन लखनऊ के शुभांशु शुक्ला कल शाम स्पेसएक्स के एक्सिअम फोर से भारतीय समय अनुसार शाम पांच बजकर 52 मिनट पर अपनी अंतरिक्ष यात्रा शुरू करेंगे। श्री शुक्ला को 2020 में इस मिशन के लिए चुना गया था। उनकी सफलता से उनके परिवार वाले बेहद खुश और गौरावान्वित हैं। एक रिपोर्ट–

*भारत दूसरी बार इतिहास रचने को तैयार है, इससे पहले 3 अप्रैल, 1984 को भारतीय अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा सोयूज टी 11 के ज़रिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि यह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना से पहले की बात है। शुभांशु के साथ, अमरीका के शोधकर्ता डॉ. पैगी व्हाट्सन, पोलैंड से वैज्ञानिक, इंजीनियर स्लावोज़ उज़्नान्स्की और हंगरी से मैकेनिकल इंजीनियर टिबोर कपू पृथ्वी की निचली कक्षा के मार्ग को फिर से परिभाषित करने वाले इस ऐतिहासिक मिशन पर अंतरिक्ष की यात्रा कर रहे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में अपनी 15 दिनों की यात्रा के दौरान मानव अनुसंधान, पृथ्वी अवलोकन और जीवन, जैविक और भौतिक विज्ञान पर केंद्रित वैज्ञानिक प्रयोग और प्रदर्शन करेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

——————————

केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रलाय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में भूमि प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आज लखनऊ में नक्शा पायलेट

कार्यक्रम के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के 10 जिलों में नक्शा कार्यक्रम के तहत शहरी भ्मि रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। इससे शहरी नियोजन के साथ संपत्ति कर निर्धारण और विवादों को कम करने में मदद मिलेगी।

—————————

मध्य प्रदेश के इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून यात्रा के दौरान मेघालय के शिलांग में हुई हत्या मामले में उनकी लापता पत्नी सोनम को गाजीपुर से पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने सोनम को वनस्टॉप सेंटर में रखा है। प्रदेश के कानून एवं व्यवस्था अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने बताया कि सोनम रघुवंशी बीती रात गाजीपुर जनपद के नंदगंज थाना क्षेत्र स्थित एक ढाबे से बदहवास स्थिति में मिली। बाइट.....

*सोनम रघुवंशी ने सुबह लगभग तीन बजे अपने परिजनों को फोन किया और बताया कि वो बनारस गाजीपुर मुख्य मार्ग पर काशी ढाबे पर मौजूद हैं। ये जानकारी सोनम रघुवंशी के परिजनों ने इंदौर पुलिस को दी और इंदौर पुलिस ने यूपी पुलिस से संपर्क किया। इस जानकारी पर गाजीपुर पुलिस ने सोनम रघुवंशी को बरामद किया और उन्हें तत्काल हॉस्पिटल ले गए जहां उनकी मेडिकल जांच की गई। उसके बाद वन स्टॉप सेंटर पर सोनम रघुवंशी को भेजा गया है। मेघालय पुलिस भी इंदौर में मौजूद थी।*

एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि मेघायल पुलिस गाजीपुर पहुंच रही है, जिसके बाद कानूनी

प्रक्रिया को पूरी करके सोनम रघुवंशी को उनके सुपुर्द कर दिया जायेगा।

—————————

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने पिछले 11 दिनों के दौरान वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र, संत रविदास नगर और कुशीनगर जिलों के लगभग 44 हजार से अधिक किसानों से संवाद किया और उन्हें कृषि से संबंधित विभिन्न तकनीकी विशेषताओं के बारे में अवगत कराया। वाराणसी में आज एक पत्रकार वार्ता में आईआईवीआर के निदेशक डॉ राजेश कुमार यह जानकारी दी।

—————————

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों के दौरान तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी।

—————————